# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

## ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र 2026

क्रमांकःसैल–8/2025/ दिनांक :

### शाला प्रधानों हेतु आवश्यक निर्देश

वर्ष 2026 की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले समस्त नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने एवं शुल्क जमा कराने की अन्तिम तिथियाँ निम्नानुसार हैं :–

| परीक्षा शुल्क | आवेदन पत्र भरने की आरम्भ तिथि | आवेदन पत्र भरने एवं चालान मुद्रित करने की अंतिम तिथि | परीक्षा शुल्क बैंक में जमा कराने की अंतिम तिथि | आवेदन पत्र एवं चालान नोडल केन्द्र पर जमा कराने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| सामान्य परीक्षा शुल्क से | 24.07.2025 | 23.08.2025 | 30.08.2025 | 05.09.2025 |
| एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क सहित | 25.08.2025 | 10.09.2025 | 11.09.2025 | 14.09.2025 |
| असाधारण परीक्षा शुल्क (केवल स्वयंपाठी हेतु) जिला मुख्यालयों पर | 11.09.2025 | 25.09.2025 | 04.10.2025 | सीधे बोर्ड कार्यालय में |

परीक्षा शुल्क नियमित परीक्षार्थियों के लिये 600/– तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिये 650/– निर्धारित है। प्रायोगिक परीक्षा शुल्क रू. 100/– प्रति विषय पृथक से देय होगा।

1. विद्यालयों द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरवाने की व्यवस्था :–बोर्ड की वेबसाईट **https://rajeduboard.rajasthan.gov.in** पर **Login** करके आवेदन–पत्र भरे जा सकेंगे। नेशनल कॉउन्सिल फोर वोकेशनल ट्रेनिंग (**NCVT**) से आई.टी.आई./पोलिटेक्निक उत्तीर्ण परीक्षार्थी समकक्षता प्राप्त करने तथा माध्यमिक परीक्षा (व्यावसायिक) हेतु भी उपरोक्त निर्धारित तिथियों में ऑनलाईन आवेदन पत्र भरना अनिवार्य है। ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की जिम्मेदारी संस्था प्रधान की है। निजी संस्था प्रधान अपने विद्यालय का वार्षिक शुल्क (बोर्ड सम्बद्धता) ऑनलाईन आवेदन से पूर्व जमा करवाना सुनिश्चित करें। इसके अभाव में ऑनलाईन आवेदन हेतु लॉगिन नहीं किया जा सकेगा।
2. **Login** कैसे करें :–सभी विद्यालयों के **Login ID** तथा **Password** गत वर्ष के अनुरूप ही रहेगें।
3. विद्यालयों द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र भरना :– नमूने का आवेदन पत्र बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध हैं जहाँ से इन्हें डाउनलोड करके आवेदन–पत्रों की फोटो प्रतियां करवाकर प्रत्येक परीक्षार्थी से भरवाऐं इन पर परीक्षार्थी का फोटो लगवाकर काली स्याही से हस्ताक्षर भी होंगे। इन परीक्षा आवेदन–पत्रों की पूर्ति विद्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार सुनिश्चित कर लें। परीक्षार्थियों के भरे हुए परीक्षा आवेदन–पत्र एवं शाला का **User ID** तथा **Password** का बोर्ड की वेबसाईट **https://rajeduboard.rajasthan.gov.in** पर परीक्षा वर्ष 2026 हेतु ऑनलाईन आवेदन के लिंक पर क्लिक करें तथा आवेदन पत्र आनलाईन भरें।
   - (अ) विद्यालय प्रोफाईल भरनाः– सर्वप्रथम विद्यालय के प्रोफाईल की पूर्ति करें। जिसमें शाला प्रधान का नाम, दूरभाष संख्या, मोबाईल नम्बर, कराऐ गये जमा वार्षिक शुल्क का विवरण एवं विद्यालय को बोर्ड से सम्बद्धता, किन किन विषयों में सम्बद्धता प्राप्त की गई है क्रमोन्नति दिनांक, गत वर्ष का परीक्षा केन्द्र एवं गत वर्ष की परीक्षार्थियों की संख्या एवं विधालय में मा./उ.मा. कक्षा का अध्यापन करवाने वाले अध्यापकों का विवरण आदि आवश्यक सूचनायें, तथा प्रायोगिक परीक्षा/शेष उत्तर पुस्तिकाओं आदि की सूचना भी दी जानी है।
   - (ब) परीक्षा आवेदन–पत्र भरनाः– विद्यालय के परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाईन भरे जाने हैं। ये आवेदन–पत्र पूर्व में भरे हुए हस्तलिखित आवेदन–पत्रों के आधार पर भरे जायेंगे। आवेदन पत्र भरते समय जाति कोड का सही–सही उल्लेख करें। बाद में इसमें कोई संशोधन नहीं किया जायेगा। विद्यालयों के शाला प्रधान द्वारा अपने विद्यालय के नियमित परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र शाला दर्पण के ई पोर्टल पर दर्ज परीक्षार्थियों के क्रमांक डालने पर परीक्षार्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम एंव जन्म तिथि स्वतः दर्ज हो जाऐगी इससे किसी भी प्रकार का संशोधन शाला स्तर पर नहीं किया जा सकेगा। यदि कोई संशोधन अपेक्षित हो तो पहले शाला दर्पण पोर्टल पर संशोधन करवा कर ही आवेदन पत्र में भरे।
   - (स) पात्रता प्रमाण पत्र :– अन्य बोर्ड से प्रवर्जित परीक्षार्थियों को इस बोर्ड से पात्रता प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य है। राजस्थान बोर्ड से मान्यता प्राप्त सभी अन्य बोर्ड से प्रवर्जित छात्रों के शाला प्रधान ऑनलाईन पात्रता प्रमाण पत्र निर्धारित फार्मेट के अनुसार पूर्ति कर तथा चालान से शुल्क जमा करवाकर ऑनलाईन प्राप्त कर सकेंगे। शाला प्रधान/ CBEO से इसे आवश्यक रूप से प्रमाणित करावे। पात्रता प्रमाण पत्र के क्रमांक का सही–सही उल्लेख आवेदन पत्र पर करने के पश्चात् ही आवेदन पत्र भरा जा सकेगा। (विस्तृत विवरण प्रपत्र 33 परिशिष्ट–2 में देखें)
   - (द) चैकलिस्ट प्राप्त करनाः– सभी आवेदन–पत्रों की पूर्ति के पश्चात् उनका प्रिन्ट आउट (PROVISIONAL FORM FOR CORRECTION) निकलवा कर मूल आवेदन–पत्रों/विद्यालय रिकॉर्ड से भली–भांति जांच कर परीक्षार्थियों से हस्ताक्षर करवा ले तथा आवश्यक होने पर आनलाईन डाटा में संशोधन करें।
   - (य) चालान फार्म व अग्रेषण सूची प्रिण्ट करनाः– सभी संशोधन पूरे होने के पश्चात **Data Lock** पर क्लिक करें। **Data Lock** के पश्चात् किसी भी प्रकार का संशोधन नहीं होगा। चालान बनाने हेतु पोर्टल पर उपलब्ध अन्य विभिन्न बैंकों में से किसी एक बैंक का चयन करे। तत्पश्चात् चालान फार्म तथा परीक्षार्थियों की अग्रेषण सूची प्रिन्ट करें। एक बार चालान मुद्रित होने के पश्चात् परीक्षा आवेदन–पत्र पुनः भरने के लिये चालान का शुल्क संबंधित बैंक पर जमा कराना अथवा पूर्व चालान को निरस्त करना आवश्यक है। चालान निरस्त करने की स्थिति में उस चालान से संबंधित सभी परीक्षा आवेदन–पत्र **Delete** हो जायेंगे।
   - (र) **Online Challan** मुद्रण दिनांक से परीक्षा शुल्क की राशि निर्धारित अंतिम तिथि तक बैंक में जमा करायी जा सकेगी। यदि बैंक का अवकाश है तो उसके अगले कार्यदिवस में जमा होगी। चालान पर बैंक में शुल्क जमा कराने की प्रारम्भिक एवं अन्तिम तिथि मुद्रित होगी। इस अवधि में ही बैंक में परीक्षा शुल्क जमा कराना अनिवार्य है।
4. परीक्षा शुल्क जमा कराना :–परीक्षा शुल्क चालान 4 प्रतियों में मय शुल्क विवरण प्राप्त होगा। चालान के साथ परीक्षार्थियों की अग्रेषण सूची भी दो प्रतियों में मुद्रित की जानी है। चालान, अग्रेषण सूची की दो प्रतियाँ एवं परीक्षा शुल्क निर्धारित अवधि में नकद बैंक में जमा कराना है। बैंक द्वारा शुल्क जमा करने के पश्चात् अग्रेषण सूची की एक प्रति पर बैंक की सील लगाकर तथा चालान फार्म की 3 प्रतियाँ वापस लौटा दी जायेगी। बैंक द्वारा चालान फार्म पर एक **Transaction No.** अंकित किया जायेगा।
5. परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाईन मुद्रित करना :–परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात् पुनः बोर्ड की वेबसाईट पर **Login** करें। चालान फार्म पर अंकित **Transaction No./Token No.** जो कि बैंक द्वारा भरा गया है, बैंक द्वारा जारी ट्रांजेक्शन **ID**/टोकन नम्बर का सत्यापन होने के बाद ही आवेदन पत्र मुद्रित हो सकेंगे। अस्थायी आवेदन पत्र (PROVISIONAL FORM FOR CORRECTION) किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किये जायेंगे। इन ऑनलाईन मुद्रित परीक्षा आवेदन–पत्रों को प्रमाणित कर आपको हस्ताक्षर करके विद्यालय की सील अंकित करनी है। प्रत्येक परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ आवश्यक प्रलेखों की प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न की जाये।
6. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र, अग्रेषण सूची तथा चालान की प्रतियाँ नोडल केन्द्र पर जमा करनाः– बैंक द्वारा सील लगाकर दी गई अग्रेषण सूची की एक फोटो प्रति करवा कर अपने पास सुरक्षित रखें। विद्यालय प्रोफाईल की मूल प्रति, ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र मय प्रलेखों एवं शाला को बोर्ड से सम्बद्धता, किन–किन विषयों में सम्बद्धता प्राप्त की गई है तथा क्रमोन्नत एवं उ.मा. परीक्षा की बोर्ड से सम्बद्धता संबंधी आदेशों की प्रमाणित प्रति एवं चालान की दो प्रतियों व प्रपत्र 127 व 128 के साथ अपने निर्धारित नोडल केन्द्र पर निर्धारित अवधि में जमा करावें।
7. माध्यमिक/प्रवेशिका परीक्षा 2026 से संबंधित आवेदन पत्रों को सीधे नोडल केन्द्रों पर पूर्व की भांति जमा करवाये जाने है। उच्च माध्यमिक/वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा 2026 के आवेदन पत्र जमा कराने हेतु पृथक से सूचित किया जायेगा।
8. एक से अधिक बार ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने हेतु :– पुनः क्रम संख्या 3 (ब) से 6 तक की प्रक्रिया अपनावें।
9. विद्यालय की प्रोफाईल दोबारा फीड नहीं करना है यदि इसमें संशोधन हो तो किये जा सकते हैं। ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने संबंधी जानकारी हेतु बोर्ड कन्ट्रोल रूम नम्बर 0145–2632866, 2632867, 2632868 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

नोट :– नियमित परीक्षार्थी स्वयं के विद्यालय/तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थी निकटतम अग्रेषण अधिकारी के माध्यम से ही आवेदन–पत्र अग्रेषित करवा सकेंगे। परीक्षार्थी स्वयं बैंक के माध्यम से आवेदन–पत्र अग्रेषित नहीं करवा सकेंगे। आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने हेतु विस्तृत निर्देश प्रपत्र 33, प्रपत्र 34 बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध है जहां से हॉर्ड कापी मुद्रित कर उपयोग में ली जा सकती है।

सचिव